Delhi Public School, Howrah

PERIODIC ASSESSMENT-III (2025-2026)

Class-X

Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.

विषय : हिंदी - अ, (002)

अवधिः 3 घंटे **पूर्णांक = 80**

सामान्य निर्देश :-

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **15** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल **चार** खण्ड हैं- खण्ड **क, ख, ग** और **घ**।

(iii) **खण्ड क** में कुल **2** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **10** है।

(iv) **खण्ड ख** में कुल **4** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **20** है।

(v) **खण्ड ग** में कुल **5** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **21** है।

(vi) **खण्ड घ** में कुल **4** प्रश्न हैं।

(vii) प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, कुछ खण्डों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(viii) यथासंभव सभी खण्डों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

खंड- 'क' अपठित बोध **14 अंक**

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **7**

उत्तरी गोलार्द्ध में पतझड़ में प्रवास में चिड़ियाँ अंडे देने के स्थान से चलती हैं। वे उत्तर से दक्षिण की ओर ऊँचे अक्षांशों से निचले अक्षांशों की ओर जाती हैं; दक्षिणी गोलार्द्ध इसका उल्टा होता है जो कि स्वाभाविक ही है। चिड़ियाँ दक्षिण की सर्दी से बचने के लिए उत्तर की ओर चल पड़ती हैं। यह बात तो समझ में आती है कि कुछ चिड़ियाँ सख्त जाड़े से घबरा कर अपेक्षाकृत कम ठंडे स्थानों की ओर भाग जाती हैं और जैसे ही गर्मी शुरू होने लगती है, लौट कर अपने देश आ जाती हैं। वे अपने देश जब आती हैं, उस समय वहाँ पेड़ों पर नई-नई कोंपलें, कलियाँ और फूल निकले होते हैं और परिवार के पोषण के लिए तमाम तरह के कीड़े-मकोड़े उपलब्ध होते हैं। गर्मी खत्म होते-होते बच्चे बड़े होकर आत्मनिर्भर हो जाते हैं और पतझड़ के बाद पहली सर्दी के पड़ते ही, चिड़ियाँ दक्षिण की ओर चल देने को तैयार हो जाती हैं।

यहाँ तक तो ऐसा लगता है कि इन कठिन प्रवास यात्राओं का निश्चित महत्त्व है और शायद जो चिड़ियाँ प्रवास पर जाती हैं उनके लिए, कुछ हद तक यह आवश्यक भी है; लेकिन उलझन में डालने

वाली बात यह है कि कुछ चिड़ियाँ प्रवास पर पूर्व से पश्चिम या पश्चिम से पूर्व को लगभग उसी अक्षांश पर, लगभग उसी प्रकार के जलवायु वाले प्रदेशों में अंडे देने के लिए जाती हैं।

अपनी इस लंबी यात्रा पर प्रस्थान करने से पहले प्रवासी चिड़ियाँ इसके लिए बाकायदा तैयारी करती हैं। वे खाना अधिक मात्रा में खाती हैं ताकि चर्बी की एक तह सी बैठ जाए जो उनकी यात्रा में उनके शरीर को ताकत प्रदान करती रहे। कुछ चिड़ियाँ अभ्यास करना और झुंड बनाकर उड़ना सीखना शुरू कर देती हैं। प्रयोगों से पता चला है कि सूरज निकलने और डूबने से चिड़ियों को प्रस्थान के समय का संकेत मिलता है। लंबी यात्रा में सूरज ही उनको कुतुबनुमा का काम देता है।

<u>सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न</u> 3x1=3

I. पक्षी ऊँचे अक्षांशों से निचले अक्षांशों की ओर क्यों जाते हैं?

i. प्रवास के उद्देश्य से
ii. अधिक सर्दी से बचने के लिए
iii. गर्मी के मौसम की खोज में
iv. अधिक गर्मी से बचने के लिए
(क) केवल i
(ख) i और iv
(ग) ii और iii
(घ) i और ii

II. निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कीजिए:

कथन: कुछ पक्षी समान जलवायु वाले प्रदेशों में अंडे देने के लिए प्रवास करते हैं।

कारण: उनके लिए पश्चिम से पूर्व या पूर्व से पश्चिम जाना अनिवार्य होता है।

विकल्प :

(क) कथन सही है, परंतु कारण ग़लत है।
(ख) कथन ग़लत है, परंतु कारण सही है।
(ग) कथन सही है और कारण उसकी उचित व्याख्या है।
(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं, परंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या नहीं है।

III. चिड़ियाँ जब प्रवास से लौटती हैं तब उनके देश में कौन-सा परिवर्तन आ चुका होता है?

(क) गर्मी का मौसम खत्म हो चुका होता है।
(ख) पेड़ों पर नई कॉपलें, फूल आदि लग चुके होते हैं।
(ग) उनके बच्चे बड़े होकर अपने रास्तों पर निकल चुके होते हैं।
(घ) सारे कीड़े-मकोड़े अनुपलब्ध हो चुके होते हैं।

<u>सोपान II. लघुत्तरात्मक प्रश्न</u> **2X2=4**

IV. पक्षी प्रवास पर जाने से पहले कौन-सी तैयारियाँ करते हैं? किन्हीं दो का स्पष्ट उल्लेख कीजिए।

V. पक्षियों के लिए प्रवास की आवश्यकता और उसके महत्त्व को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **7**

चीज़ों का हूबहू दिखना अपनी ही शक्ल में
कविता में मुझे पसन्द नहीं बिल्कुल
मैं चाहता हूँ मेरा फटा पुराना जूता भी दिखे वहाँ
पूर्णिमा के पूरे चाँद की तरह

एक साबुन की तरह दिखे मेरी आत्मा
छोटी-छोटी विकृतियाँ और अन्तर्विरोध भी दिखें वहाँ
फूली हुई नसों वाले राक्षसों से इतने वीभत्स और दैत्याकार
कि आसानी से की जा सके उनसे घृणा
की जा सके नफ़रत

मुझे पसन्द हैं वे विदूषक जो मंच पर आने से पहले ही
रँग लेते हैं अपना पूरा चेहरा
मैं चाहता हूँ
बेहद थका और ऊबा हुआ फोरमैन भी जब अपने घर में घुसे
तो बदल जाए तत्काल उसका चेहरा
अपनी पाँच बरस की बेटी के पिता की तरह

बदल जाएँ, बदल जाएँ लोगों के चेहरे
जब वे मेरी कविता में आएँ
हीरे की तरह चमकती हुई दिखें लोगों की
बहुत छोटी-छोटी अच्छाइयाँ
कि निराश आदमी पलट कर दौड़ पड़े जीवन
की ओर चिल्लाता हुआ
कुछ नहीं है जीवन से ज्यादा सुन्दर
जीवन से ज्यादा प्यारा
जीवन की तरह अमर

मैं चाहता हूँ
कि कविता के भीतर फैली आसमान की टेबिल पर
मैं जब सूरज के साथ चाय पी रहा होऊँ
एक विशाल समुद्र की तरह दिखे
मेरा कप।

<u>सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न</u> **3X1=3**

I. 'फटा पुराना जूता भी पूर्णिमा के पूरे चाँद की तरह दिखे' पंक्ति का आशय है:
(क) फटे पुराने जूते का भी साफ-सुथरा दिखाई देना
(ख) अत्यंत मामूली चीज़ों का भी सौंदर्य से परिपूर्ण दिखाई देना
(ग) अत्यंत मामूली चीज़ों का भी कविता में वर्णन होना
(घ) अतीत की चीज़ों का भी कविता में सुंदरतापूर्ण उल्लेख होना

II. कवि किनसे नफ़रत और घृणा का बर्ताव चाहता है?

(क) फूली हुई नसों वाले राक्षस से (ख) अपनी छोटी-बड़ी विकृतियों से

(ग) वीभत्स लगने वाले दैत्यों से (घ) साबुन की तरह दिखती आत्मा से

III. कवि की कामना में फोरमैन के बदलते चेहरे का तात्पर्य है:

(क) बाहर की थकान और ऊब को छोड़ घर में स्नेह और कोमलता का भाव रखना ।

(ख) पाँच बरस की बच्ची के पिता की तरह ज़िम्मेदारी भरा व्यवहार करना।

(ग) काम से उपजी थकान और ऊबे हुए मन को भूलकर प्रसन्न दिखने का नाटक करना।

(घ) मंच पर आने वाले विदूषक की तरह सबको प्रसन्न करने का प्रयास करना।

<u>सोपान II. लघूत्तरात्मक प्रश्न-</u> **2X2=4**

IV. काव्यांश के आधार पर कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

V. क्या कवि कविता से असंभव उम्मीद पाल रहा है? तर्कपूर्ण टिप्पणी कीजिए।

खंड- 'ख' व्याकरण **16 अंक**

---

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **4X1=4**

I. भदंत कौसल्यायन जी के देश-विदेश के भ्रमण ने उन्हें अनुभव और व्यापकता प्रदान की।

(मिश्र वाक्य में बदलिए)

II. एक बड़ी बात यह थी कि काशी के पास बिस्मिल्ला खाँ जैसा नायाब हीरा था।

(सरल वाक्य में बदलिए)

III. जो शब्द सबसे कम समझ आते हैं वे हैं सभ्यता और संस्कृति।

(रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)

IV. पिताजी चाहते थे कि वह एक सफल चिकित्सक बने।

(आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

V. क्रांतिकारी आंदोलन में भाग लेने के कारण अज्ञेय जी को जेल जाना पड़ा।

(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4X1=4

I. प्रधान सचिव द्वारा आपातकालीन सभा बुलाई गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

II. चलो, अब टहला जाय। (वाच्य पहचानकर वाच्य-भेद का नाम लिखिए)

III. मैंने कुछ कविताओं का संकलन किया है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

IV. भाव की प्रधानता वाले वाक्य में कौन सा वाच्य होता है ?

V. उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय से एम.ए. किया। (वाच्य पहचानकर वाच्य-भेद का नाम लिखिए)

5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित भाग का पद परिचय लिखिए- **(4X1=4)**

I. आप फ़िल्में तो देखते होंगे ।

II. हालदार साहब अपने काम के सिलसिले में वहाँ से गुजरते रहे ।

III. उनकी तो मति मारी गई है परंतु आपको क्या हुआ ?

IV. उन्होंने लाहौर नेशनल कॉलिज से बी.ए. किया ।

V. भवभूति करुण रस के प्रमुख लेखक थे ।

6. निम्नलिखित 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(4X1=4)**

I. पड़ी अचानक नदी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार ।
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार ।

II. मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़

III. सादर कहहिं सुनहिं बुध ताही
मधुकर सरिस संत गुन ग्राही

IV. दिल हलका कर लेने को तटिनी
उपलों से कुछ कहती जाती है।

V. लागति अवध भयाविन भारी ।
मानहु काल राति अंधियारी।

खंड- 'ग' पाठयपुस्तक **30 अंक**

---

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- **(5X1=5)**

काशी संस्कृति की पाठशाला है। शास्त्रों में आनंदकानन के नाम से प्रतिष्ठित । काशी में कलाधर हनुमान व नृत्य-विश्वनाथ हैं। काशी में बिस्मिल्ला खाँ हैं। काशी में हज़ारों सालों का इतिहास है जिसमें पंडित कंठे महाराज हैं, विद्याधरी हैं, बड़े रामदास जी हैं, मौजुद्दीन खाँ हैं व इन रसिकों से उपकृत होने वाला अपार जन-समूह है। यह एक अलग काशी है जिसकी अलग तहज़ीब है, अपनी बोली और अपने विशिष्ट लोग हैं। इनके अपने उत्सव हैं, अपना गम। अपना सेहरा-बन्ना और अपना नौहा। आप यहाँ संगीत को भक्ति से, भक्ति को किसी भी धर्म के कलाकार से, कजरी को चैती से, विश्वनाथ को विशालाक्षी से, बिस्मिल्ला खाँ को गंगाद्वार से अलग करके नहीं देख सकते।

I. काशी में हनुमान की उपासना किस रूप में होती है?

(क) कलाओं के स्वामी के रूप में
(ख) नृत्य के जनक के रूप में
(ग) शिव के अवतार के रूप में
(घ) एक अच्छे कलाकार के रूप में

II. गद्यांश के अंतिम वाक्य में काशी की किस विशेषता का उल्लेख किया गया है?

(क) समन्वयात्मकता (ख) संगीतात्मकता

(ग) भव्यता (घ) सहृदयता

III. इस गद्यांश का उद्देश्य है:

(क) काशी के संगीतकारों का परिचय देना

(ख) विभिन्न राग-रागिनियों का परिचय देना

(ग) काशी की सांस्कृतिक परंपरा का परिचय देना

(घ) बिस्मिल्ला खाँ के धार्मिक सौहार्द का परिचय देना

IV. काशी को 'संस्कृति की पाठशाला' क्यों कहा गया है?

(क) यहाँ के शिक्षण संस्थान शास्त्रीय गायन को बहुत प्रोत्साहित करते हैं।

(ख) यहाँ के प्रत्येक शिक्षण संस्थान में 'संस्कृति', विषय के रूप में पढ़ाया जाता है।

(ग) यहाँ के प्रत्येक शिक्षण संस्थान में 'संस्कृत' अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाता है।

(घ) यहाँ सर्वत्र भारतीय संस्कृति की छाप देखी जा सकती है।

V. निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन: संगीत और संगीत प्रेम काशी की पहचान है।

कारण : काशी को उसकी ऐसी पहचान देने में सिर्फ बिस्मिल्ला खाँ का ही योगदान है।

विकल्प :

(क) कथन गलत है किंतु कारण सही है।

(ख) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

8. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- **(5X1=5)**

लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें ।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिन काज करिअत रोसू ।।
बोले चितै परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा।।
बालकु बोलि बधौं नहि तोही। केवल मुनि जड़ जानहि मोही।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही। बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही।।
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही। बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही।।
सहस्रबाहुभुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीपकुमारा।।

I. परशुराम ने अपना परिचय क्या कहकर दिया?

(क) मैं क्षत्रिय कुल का प्रसिद्ध संरक्षक हूँ। (ख) मैं अत्यंत उग्र स्वभाव का हूँ।

(ग) मैं सहस्रबाहु का संरक्षक हूँ। (घ) मैं ब्राह्मण कुल का संहारक हूँ।

II. पद्यांश में 'जड़' का अर्थ है:

(क) मूल (ख) स्रोत

(ग) नींव (घ) मूर्ख

III. लक्ष्मण की वाणी कैसी थी?

(क) व्यंग्यपूर्ण-भयपूर्ण (ख) गंभीर-भयपूर्ण

(ग) व्यंग्यपूर्ण-भयरहित (घ) भयपूर्ण-हास्यपूरित

IV. पद्यांश में बाल ब्रह्मचारी किसे कहा गया है?

(क) परशुराम को (ख) लक्ष्मण को

(ग) रघुपति को (घ) महिदेव को

V. निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन : लक्ष्मण का परशुराम के प्रति व्यवहार कोमलता से भरा और विनम्र था।

कारण : लक्ष्मण परशुराम के विचार, आचार और व्यक्तित्व से अत्यंत प्रभावित थे।

विकल्प :

(क) कथन गलत है किंतु कारण सही है।

(ख) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।

(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

9. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 3X2=6

(क) संगतकार' कविता से उधृत पंक्ति "वह आवाज़ सुंदर काँपती हुई थी" में कवि ने संगतकार की आवाज़ सुंदर किंतु काँपती हुई-सी क्यों कहा है?

(ख) 'अट नहीं रही है' कविता का कोई अन्य शीर्षक दीजिए तथा उसका कारण भी स्पष्ट कीजिए।

(ग) कवि ने 'फसल' को पानी का जादू क्यों कहा है?

(घ) आत्मकथ्य' कविता में कवि न तो अपने जीवन के दुःख और विफलताओं से दूसरों को परिचित कराना चाहता है और न ही अपनी सुखद स्मृतियों को किसी के साथ साझा करना चाहता है। कवि की इस सोच के पीछे क्या कारण हो सकते हैं?

10. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 3X2=6

(क) 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक का नवाब साहब के प्रति आरंभ से अंत तक व्यवहार अकड़ से भरा क्यों रहा?

(ख) "अपनी जिंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत पड़ोस कल्चर से विछिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है।" 'एक कहानी यह भी' से उद्धृत इस कथन में लेखिका ने किस 'पड़ोस कल्चर' का उल्लेख किया है?

(ग) हालदार साहब का हर बार कस्बे से गुजरते हुए मूर्ति के पास रुकना क्या दर्शाता है? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के संदर्भ में लिखिए।

(घ) पुत्र की मृत्यु पर बालगोबिन भगत के शोक मनाने का तरीका सामान्य लोगों के तरीके से सर्वथा अलग कैसे था? स्पष्ट कीजिए।

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- 2X4=8

(क) हिरोशिमा जैसी भयावह घटना/परिस्थिति को रोकने के लिए युवा पीढ़ी क्या कर सकती है? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के संदर्भ में लिखिए।

(ख) यद्यपि पर्वतीय क्षेत्रों के विकास में पर्यटन उद्योग का महत्त्वपूर्ण स्थान है तथापि यही पर्यटन इन क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण हेतु भी उत्तरदायी है। 'साना-साना हाथ जोड़ि..' के आधार पर लिखिए कि इसे कैसे संतुलित किया जा सकता है?

(ग) भोलानाथ और उसके साथियों द्वारा खेले जाने वाले खेलों से, वर्तमान में सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेम्स की गिरफ्त में फँसे बच्चे क्या प्रेरणा ले सकते हैं? तर्कसम्मत उत्तर दीजिए।

खंड- 'घ' रचनात्मक लेखन 20 अंक

---

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- 6

(क) डिजिटल दौर में मानवीय संपर्क

संकेत बिंदु - • मानवीय संपर्कों और संबंधों की आवश्यकता • बढ़ते डिजिटल दौर में वास्तविक संबंधों में कमी और वायवीय (वर्चुअल) संबंधों के रूप • वर्तमान समय की माँग

(ख) पारंपरिक खान-पान के लाभ

संकेत बिंदु - • पारंपरिक खान-पान क्या है? • भोजन में स्थानीय पदार्थों का महत्त्व क्यों होता है? • स्वास्थ्य की दृष्टि से इसका महत्त्व

(ङ) पुस्तकें आज भी हमारी सबसे अच्छी मित्र हैं

संकेत बिंदु - • अच्छी पुस्तकें कैसे एक अच्छे मित्र की तरह होती हैं। • वर्तमान समय में भी पुस्तकों की जगह बची हुई है। • उम्र के हर मोड़ पर अलग-अलग तरह की पुस्तकें मददगार होती हैं।

13. आपका नाम हिमानी/हेमराज है। आपने अपने माता-पिता को बातचीत करते सुना कि वे आपकी मोबाइल फोन में डूबे रहने और गेमिंग की दुनिया में खोने की आदतों से परेशान होकर आपको एक आवासीय विद्यालय (बोर्डिंग स्कूल) में भेजना चाह रहे हैं। अपने पिता को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि वे ऐसा न करें। तर्कपूर्ण बिंदुओं में यह भी स्पष्ट कीजिए कि आप स्वयं में किस प्रकार सुधार लाएँगे। **5**

<u>अथवा</u>

आपका नाम हिमानी/हेमराज है। नगर-निगम ने आपके मोहल्ले में स्थित पार्क का सौंदर्याकरण करवाया है साथ ही बच्चों के लिए झूलों की व्यवस्था की है। इस संदर्भ में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए नगर-निगम अध्यक्ष को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

14 आप अमन / आमना हैं और अभी-अभी आपने 'पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल' से एम.बी.बी.एस. की डिग्री पूरी की है। वहीं पर इंटर्न डॉक्टर के पद पर आवेदन करने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। **5**

अथवा

आप आमना / अमन हैं। अ.ब.स. बैंक के प्रबंधक को, एक शहर से दूसरे शहर में बचत खाता स्थानांतरित करने की प्रक्रिया जानने हेतु लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

15. आपकी बहन ने 'दियारा' नाम से पॉल्ट्री (मुर्गीपालन) का व्यवसाय ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शुरू किया है। इस कंपनी की खूबियों को दर्शाने वाला एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में बनाइए। **4**

अथवा

आपका नाम सोमा/सोमप्रभ है। अपने मामा-मामी को नए घर की बधाई देते हुए गृहप्रवेश के अवसर पर शुभकामना संदेश लगभग 40 शब्दों में लिखिए।

----------x----------